प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश–2047 कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– एआई के प्रयोग से बढ़ेगी किसान विकास दर।**
2. **केंद्रोय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कॉनक्लेव–2026 का किया शुभारंभ : कहा– ग्रामीण विकास में पशुपालन की है बड़ी भूमिका।**
3. **गौतमबुध नगर में औद्योगिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए आज हुई हाई लेवल कमेटी की बैठक : उपद्रवी व्यवहार पर आउटसोर्सिंग एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर लाइसेंस किया जायेगा निरस्त।**

**और**

4. **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित : 93 दशमलव सात प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल।**

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर स्थित महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश–2047 कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि**

2017 में सरकार बनने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार के व्यापक कदम उठाए गए, जिनके परिणाम आज जमीन पर दिखाए दे रहे है। उन्होंने कहा कि कृषि में आधुनिक तकनीक और एआई के प्रयोग के जरिए किसान विकास दर को बढ़ाया जा सकता है। बाइट.....

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रियल टाइम डाटा कलेक्ट करके पता लगा सकते हैं कि इनको कब इस खेत में किस प्रकार की सुविधा चाहिए। उत्तर प्रदेश का किसान अगर टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है तो जो वर्तमान में हम लोगों ने 7–8 प्रतिशत से कृषि विकास की दर को 18 प्रतिशत तक पहुंचाया है या बढ़कर के 30 प्रतिशत तक पहुंच सकता है उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में।*

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में निजी कंपनी के सहयोग से बनाए गए पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान 'एआई फॉर ऑल' अवेयरनेस प्रोग्राम में एक सप्ताह की समय सीमा में 7 लाख 64 हजार 187 ऑनलाइन पंजीकरण का रिकार्ड बनाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को प्रमाण पत्र सौंपा।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी समूह या संस्थान की सफलता का आधार टीमवर्क, कृतज्ञता और ईमानदारी है। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में एक निजी कंपनी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को परिवार की

तरह समझे, उसकी एकता और विश्वास को बनाए रखे। बाइट.....

*जिस समूह में और जिस ग्रुप में काम करें वह टीम वर्क दिखनी चाहिए। कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। पूरी ईमानदारी होनी चाहिए। हमें किसी भी बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप को अपने ग्रुप के अंदर के मामलों में अपने समूह के अंदर के मामले में अपने प्लांट के मामले में उसको किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप करने की छूट नहीं देनी चाहिए।*

————————

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि अगर किसानों को समृद्ध बनाना है और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है तो इसमें पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री जी ने जो सपना देखा है और दिखाया है कि किसानों की आय दुगनी करने की इस सेक्टर के बिना हो ही नहीं सकती। पशु पालन, मुर्गी पालन, मछली पालन के बिना तो देहात की इनकम कभी डबल हो ही नहीं सकती।*

————————

गौतम बुद्ध नगर में औद्योगिक साहार्द और शांति बनाए रखने के लिए बनाई गई हाई लेवल कमेटी ने आज आउटसोर्सिंग एजेंसिया और संविदाकारों के साथ बैठक की। औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता वाली कमेटी ने स्पष्ट किया कि आउटसोर्सिंग एजेंसिया और संविदाकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने श्रमिकों को

अनुशासित रखें। साथ ही उन्हें प्रशिक्षित करें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने भी आज विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी एजेंसी के कर्मचारी या श्रमिक ने हिंसक व्यवहार किया तो एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*किसी भी उनके एंप्लॉय या श्रमिक द्वारा कोई भी उपद्रवी व्यवहार किया जाता है या वायलेंस किया जाता है, उसके लिए जो आउटसोर्सिंग एजेंसी है, उस पर भी कार्रवाई करी जाएगी, उनका लाइसेंस टर्मिनेट किया जाएगा और उनको ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा।*

———————————

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आज अर्बन चलेंज फंड के संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअलो शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने बताया कि अर्बन चलेंज फंड के अंतर्गत 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र परियोजनाओं को 25 प्रतिशत तक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तावित किया जाएगा, जिससे

प्रदेश के शहरों को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जागरुकता के लिए आज प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए मिर्जापुर में छात्र–छात्राओं ने महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। सीतापुर में भी स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। वहीं वाराणसी में काशी विद्यापीठ में छात्राओं और शिक्षकों द्वारा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक अवसर है जब इस अधिनियम के जरिए नारी शक्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। बाइट.....

*नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के तहत जो 33: का आरक्षण लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं में माननीय प्रधानमंत्री जी के दृढ़ संकल्प के द्वारा*

*महिलाओं को दिया जा रहा है। उसकी वजह से आज पूरे देश नारी शक्ति माननीय प्रधानमंत्री जी को हार्दिक आभार और धन्यवाद दे रही है।*

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार–प्रसार के लिये भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ को इस पर हस्ताक्षर अभियान और नारी स्वावलम्बन पर फिल्म निर्माण की जिम्मेदारी दी गयी है।

————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएससी ने 2025–2026 शैक्षणिक सत्र की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस साल सीबीएसई की कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में कुल 25 लाख 8 हजार 319 छात्र शामिल हुएथे जिसमें से 93 दशमलव सात प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से ज्यादा है। इस साल छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव नौ नौ, जबकि छात्रों का उतीर्ण प्रतिशत 92 दशमलव छह नौ दर्ज किया गया।

छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा परिणाम डीजी लॉकर और उमंग ऐप जैसे वैकल्पिक प्लेटफार्मों पर भी देखे जा सकते हैं। सीबीएसई ने बताया है कि स्कूलवार परिणाम संबंधित स्कूलों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से भेज दिए गए हैं।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि देश में एलपीजी उत्पादन को बढ़ाया गया है। बाइट....

*सीएनजी टांसपोर्ट भी 100 प्रतिशत एंश्योर किया गया है। डोमेस्टिक रिफाइनरीज में एलपीजी प्रोडक्शन को इंक्रीज किया गया है और इसके इलावा बुकिंग इंटरवल को भी अर्बन एरिया में 25 दिन और रूरल एरिया में 45 दिन किया गया है। इस सप्लाइज के अफेक्ट होने की वजह से कमर्शियल सप्लाइज को, एलपीजी सप्लाइज को 70 प्रतिशत तक रिस्टोर किया गया है और यहाँ पर भी हॉस्पिटल, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को प्रायोरिटी किया गया।*

---

अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण आज से देश भर में पांच सौ 54 नामित बैंक शाखाओं में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से शुरू हो गया है। 57 दिनों की यह यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर समाप्त होगी।

---

आईपीएल क्रिकेट में आज बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चलेंजर्स बैंगलुरू और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला हो रहा है। रॉयल चलेंजर्स बैंगलुरू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

(समाप्त)